रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक -7.7.2022

# प्रेस विज्ञप्ति

**रेलटेल ने अपनी "रेलवायर" नामक पॉपुलर रिटेल ब्रॉडबैंड सर्विस के ग्राहकों के लिए ओटीटी (ओवर-दि-टॉप) सर्विस के रूप में उपलब्ध करा दी है।**

**रेलवायर सब्सक्राइबर्स के लिए कुल मिलाकर 13 ओटीटी सर्विसेस ऑफर की जाएंगी जो। "रेलवायर SATRANG" के नाम से ट्रूली अनलिमिटेड ब्रॉडबैंड प्लान के साथ बंडल्ड होगा। इनमें Amazon Prime, Disney+ Hotstar, Zee5, Sony liv, VOOT, Hungama आदि शामिल हैं।**

**इन बंडल्ड ओटीटी रेलवायर ब्रॉडबैंड प्लान के साथ, ब्रॉडबैंड ग्राहकों को ओपन मार्केट से स्वयं ओटीटी क्रय करने की तुलना में रेलटेल द्वारा कम लागत वाली ओटीटी सेवाएं ऑफर की जा रही हैं।**

**रेलटेल के ग्राहकों के लिए श्री आनंद कुमार सिंह डायरेक्टर फाइनेंस रेलटेल द्वारा आज इस ओटीटी सुविधा की शुरुआत की गई।**

**रेलटेल, रेलवायर ब्रॉडबैंड सर्विसेस के प्रसार और अपने नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर एवं दी जाने वाली सेवाओं को सुदृढ़ बनाते हुए ग्राहकों के साथ अपने अनुभव में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है : श्री आनंद कुमार सिंह ।**

*************

रेल मंत्रालय के एक मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल ने एक बड़ा कदम उठाते हुए "रेलवायर" नामक अपनी पॉपुलर रिटेल ब्रॉडबैंड सर्विस ग्राहकों के लिए ओटीटी (ओवर-दि-टॉप) सर्विस के रूप में उपलब्ध कराई है। श्री आनंद कुमार सिंह डायरेक्टर फाइनेंस रेलटेल द्वारा रेलवायर के ग्राहकों के लिए वीएएस के रूप में ओटीटी सर्विसेस का उदघाटन किया गया। इस नई विशेषता के तहत, रेलवायर सब्सक्राइबरों को कुल मिलाकर 13 ओटीटी सर्विसेस ऑफर की जाएंगी जो "रेलवायर SATRANG" के नाम से ट्रूली अनलिमिटेड ब्रॉडबैंड प्लान के साथ बंडल्ड होगा। अनेक ऐसे प्लान हैं जो पूरे भारत में, वर्तमान 4.65 लाख फाइबर-टू-दि-होम (एफटीटीएच) रेलवायर सब्सक्राइबरों के लिए उपलब्ध होंगे। इन ओटीटी को स्मार्ट टीवी, लैपटॉप अथवा स्मार्ट फोन पर भी देखा जा सकता है।

रेलवायर ब्रॉडबैंड ग्राहक मल्टी-चैनल डिजिटल अनुभव का आनंद ले सकते हैं तथा ओटीटी जैसे अमेजन प्राइम, डिज़्नी+हॉटस्टार ज़ी5, सोनी लिव, इरोज़नाउ, सननेक्स्ट, एएचए तेलुगु, ऑल्ट बालाजी, एपिकॉन, एमएक्स प्लेयर, वूट, हंगामा मूवीज़ एवं टीवी शोज़ और म्यूज़िक प्रो जैसे से जानकारीयुक्त मनोरंजन कंटेंट देख सकेंगे। एक बार ओटीटी के बंडल्ड ब्रॉडबैंड प्लान सब्सक्राइब करने के बाद, रेलवायर ब्रॉडबैंड ग्राहक वेब सीरिज़, फिल्में, गाने, लाइव न्यूज़ तथा अनेक मनोरंजक चैनल जैसे कंटेंट देख सकते हैं।

बंडल्ड ओटीटी रेलवायर ब्रॉडबैंड प्लान के साथ रेलटेल द्वारा ब्रॉडबैंड ग्राहकों को ओपन मार्केट से स्वयं ओटीटी क्रय करने की तुलना में कम लागत वाली ओटीटी सेवाएं ऑफर की जा रही हैं। रेलवायर SATRANG प्लान

की मदद से उपयोगकर्ता किसी एक समय में ही मल्टी-स्क्रीन/ मल्टी यूज़र्स विकल्प के साथ 'ऑन दि गो' अपने पसंदीदा कंटेंट देख सकेंगे। इसके अलावा, मल्टीपल ओटीटी पैक्स के साथ 150 से भी अधिक टीवी चैनल उपलब्ध होंगे।

ऑफर किए जाने वाले ओटीटी बहुत व्यापक स्तर के हैं और पहले की तुलना में इंटरनेट के उपयोग के लिए पुनः तैयार किए गए हैं जिनके माध्यम से ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं और पिछले स्टोर किये हुए किन्हीं कंटेंट को अपनी सुविधानुसा देख सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री आनंद कुमार सिंह डायरेक्टर फाइनेंस रेलटेल ने कहा कि, "इस समय रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स में से एक है। इसकी रेलवायर ब्रॉडबैंड सर्विस बहुत सस्ती है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपलब्ध है, क्योंकि इसके 48% से भी अधिक ग्राहक ग्रामीण क्षेत्रों से हैं। ये नए ओटीटी बंडल्ड प्लान रेलवायर ग्राहकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण होंगे एवं रेलटेल को अपनी टॉप लाइन में सुधार करने में काफी मदद करेंगे। रेलटेल, रेलवायर ब्रॉडबैंड सर्विसेस के प्रसार और अपने नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर एवं दी जाने वाली सेवाओं को सुदृढ़ बनाते हुए ग्राहकों के साथ अपने अनुभव में वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है रेलटेल देश में व्यापक पैमाने पर हो रहे डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में अपना अग्रणी स्थान बनाए रखना जारी रखेगा।"

**<u>रेलटेल के बारे में:</u>**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र :**

<u>sucharita@railtelindia.com</u>

....